माननीय प्रबन्ध परिषद् की पंचम् बैठक दिनांक 17.06.2005 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद् की पंचम् बैठक दिनांक 17.06.05 को पूर्वाह्न 11 बजे उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद्, गोमतीनगर, लखनऊ के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई ।

माननीय प्रबन्ध परिषद् की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थी –

1	डा0 पी0पी0 सिंह, कुलपति	अध्यक्ष
2	श्री रणवीर सिंह	सदस्य
3	डा0 ओमप्रकाश शर्मा, एम0एल0सी0	सदस्य
4	प्रो0 रवीन्द्र पुण्डीर , विधायक	सदस्य
5	श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक	सदस्य
6	श्री जी0 पटनायक ,आई.ए.एस. प्रमुख सचिव (कृषि)	सदस्य
7	श्री आलोक कुमार , आई.ए.एस. विशेष सचिव (वित्त)	सदस्य
8	डा0 जे0पी0 मिश्रा,ए.डी.जी. आई.सी.ए.आर.	सदस्य
9	श्री हेमन्त कुमार सक्सेना, वित्त नियन्त्रक	सचिव

माननीय प्रबन्ध परिषद् के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए माननीय कुलपति जी/ अध्यक्ष ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की ।

संकल्प सं0 1– माननीय प्रबन्ध परिषद् की चतुर्थ बैठक दिनांक 1603.2005 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।

माननीय प्रबन्ध परिषद् की चतुर्थ बैठक दिनांक 16.03.05 के कार्यवृत्त की पुष्टि करते समय प्रमुख सचिव ,कृषि द्वारा आपत्ति की गयी कि संकल्प सं0–3 गोपनीय (नियुक्तियों के सम्बन्ध में) में राज्य सरकार की आपत्ति का उल्लेख नहीं है । इस पर अन्य माननीय सदस्यों द्वारा स्पष्ट किया गया कि माननीय प्रबन्ध परिषद् की बैठक दिनांक 16.03.2005 में कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की ओर से उपस्थित विशेष सचिव, श्री भाष्कर उपाध्याय द्वारा राज्य सरकार की किसी भी लिखित आपत्ति को प्रस्तुत नहीं किया गया । माननीय कुलपति जी द्वारा भी स्पष्ट किया गया कि विश्वविद्यालय में अभी तक नियुक्तियों के सम्बन्ध में राज्य सरकार की ओर से कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है । ऐसी दशा में समस्त प्रकरण पर विचार करते हुये माननीय प्रबन्ध परिषद् द्वारा चतुर्थ बैठक दिनांक 16.03.2005 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी ।

(कार्यवाही – मुख्य कार्मिक अधिकारी)

संकल्प सं0–2 माननीय प्रबन्ध परिषद् की तृतीय बैठक दिनांक 16.03.2005 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या ।

माननीय प्रबन्ध परिषद् द्वारा कृत कार्यवाही का अवलोकन किया गया ।

संकल्प सं0–5 (गोपनीय)" श्री नसीम अहमद का प्रकरण" के सम्बन्ध में माननीय प्रबन्ध परिषद् द्वारा निर्देशित किया गया कि डा0 ओम प्रकाश शर्मा, की अध्यक्षता में गठित उप–समिति द्वारा अपनी संस्तुतियाँ माननीय प्रबन्ध परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत की जायें ।

(कार्यवाही –प्रो0 शमशेर, सचिव/ मुख्य कार्मिक अधिकारी)

संकल्प सं0–3 नियुक्तियों के सम्बन्ध में (गोपनीय) ।

प्रमुख सचिव (कृषि) के सुझाव को दृष्टिगत रखते हुये माननीय प्रबन्ध परिषद् द्वारा नियुक्तियों के लिए प्रस्तुत लिफाफों को खोलने का निर्णय आगामी बैठक तक के लिए स्थगित किया गया ।

(कार्यवाही – मुख्य कार्मिक अधिकारी)

संकल्प सं0–4 दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के संचालन के सम्बन्ध में ।

माननीय प्रबन्ध परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय द्वारा दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के संचालन के सम्बन्ध में कृत्त कार्यवाही का अनुमोदन किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि महामहिम श्री राज्यपाल/ कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव के आदेश ई0– 3575/ जी.एस. दिनांक 03.06.05 द्वारा संसूचित महामहिम कुलाधपति महोदय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए ।

(कार्यवाही – प्रो0 शमशेर , समन्वयक)

अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय के अनुमति से

संकल्प सं0–1 माननीय कुलपति जी के पद के लिए सर्च कमेटी में माननीय प्रबन्ध परिषद् के एक सदस्य के नामांकन के सम्बन्ध में ।

प्रमुख सचिव (कृषि) द्वारा प्रेषित शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि सर्च कमेटी के लिए माननीय प्रबन्ध परिषद् के एक सदस्य का चयन शीघ्र कर लिया जाय । उक्त आदेश के सन्दर्भ में माननीय प्रबन्ध परिषद् द्वारा सर्च कमेटी के लिए एक सदस्य को नामित करने का निर्णय लिया गया । कुलपति पद के लिए सर्च कमेटी के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व वर्तमान कुलपति डा0 पी0पी0 सिंह जी बैठक से उठकर बाहर चले गये ।

उनकी अनुपस्थिति में माननीय प्रबन्ध परिषद् की ओर से सर्च कमेटी के लिए माननीय सदस्य प्रो0 रवीन्द्र पुण्डीर ने डा0 ओमप्रकाश शर्मा जी का नाम प्रस्तावित किया । उक्त प्रस्ताव का समर्थन माननीय सदस्य श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह जी ने किया । तद्‌परान्त् इसका समर्थन माननीय सदस्य श्री रणवीर सिंह जी द्वारा भी किया गया । तद्नुसार माननीय प्रबन्ध परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से डा0 ओमप्रकाश शर्मा जी का नाम सर्च कमेटी के लिए अनुमोदित किया गया तथा उन्हे बधाई दी गयी ।

(कार्यवाही – वित्त नियन्त्रक)

संकल्प सं0–2 विश्वविद्यालय में कार्यरत विभिन्न वैज्ञानिकों/अधिकारियों/कर्मचारियों की अन्यत्र की गई सेवाओं को सेवानैवृत्तक लाभों में जोड़ने के लिए प्रस्ताव।

विश्वविद्यालय में कार्यरत विभिन्न वैज्ञानिकों/अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अन्यत्र की गई सेवाओं को सेवानैवृत्तक लाभों में जोड़ने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिस पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त प्रकरण एवं तथ्यों सहित विस्तृत प्रस्ताव प्रमुख सचिव, (कृषि) उ0प्र0 शासन को शासनादेश जारी करने हेतु प्रेषित किया जाय ।

(कार्यवाही – मुख्य कार्मिक अधिकारी/ वित्त नियन्त्रक)

अन्त में माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई ।

(हेमन्त कुमार सक्सेना)
वित्त नियन्त्रक /सचिव प्रबन्ध परिषद्

अनुमोदित

(पी0पी0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद्